	<u>**नौवहन महानिदेशालय,मुंबई**</u>	**आईएस/आईएसओ क्लॉज़ संख्या.7.1**
संदर्भ: **क्यूएमएस** **ईएसीक्यूपी-07-1** **पृष्ठ संख्या 2 का 1**	**विषय :** आईएमओ मॉडल पाठ्यक्रम 1.27 (2012 अंक) तथा वर्ष 2012 के एसटीसीडबल्यू परिपत्र सं0 29 के अनुसार ईसईडीआईएस पाठ्यक्रम की क्षमता में वृद्धि तथा नए अनुमोदन का अस्थायी रूप से निलंबन।	**फाईल सं/** **टीआर/सीआर/6(11)/2011**
नौवहन महानिदेशक, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित	**वर्ष 2012 का प्रशिक्षण परिपत्र सं0 2**	**दिनांक 20.03.2014**

दिनांक 31.01.2013 के वर्ष 2013 के प्रशिक्षण परिपत्र संख्या के परिच्छेद 4 के अनुसरण में "इलेक्ट्रॉनिक चार्ट डिस्प्ले तथा सूचना प्रणालियां" (ईसीडीआईएस) पाठयक्रम के और अनुमोदनों तथा इसमें प्रवेश की वृद्धि के अस्थायी निलंबन की समीक्षा की गई तथा यह पाया गया कि ईसीडीआईएस पाठ्यक्रम के लिए पर्याप्त क्षमता पहले ही सृजित की जा चुकी है, ताकि भारतीय समुद्रीकर्मियों की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए, उक्त अस्थायी निलंबन अगली आदेशों तक निरंतर जारी रहेगा।

2. इसे नौवहन महानिदेशक एवं पदेन अपर सचिव, भारत सरकार के अनुमोदन से वाणिज्य पोत परिवहन (समुद्रकर्मियों के लिए प्रशिक्षण प्रमाणन तथा निगरानी के मानक) नियमावली,1998 के अध्याय IX के नियम 47 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया जाता हैं।

(आस मोहम्मद)

सहायक नौवहन महानिदेशक (प्रशिक्षण)

प्रितलिपि :

1. सभी मान्यता प्राप्त समुद्री प्रशिक्षण संस्थान
2. मुख्य कार्यालय समुद्री वाणिज्य विभाग, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, कोच्चि
3. शिपिंग मास्टर, मुंबई, कोलकता, चेन्नई
4. इन्डोस कक्ष, नव भवन, मुंबई -1
5. नॉटिकल अनुभाग
6. इंजिनियरिंग अनुभाग
7. इन्सा/फोस्मा/मासा/आईसीसीएसए/ एमयूआई
8. प्रबंधन प्रतिनिधि [क्यूएमएस], ईएसी अनुभाग, डीजीएस
9. कम्प्यूटर कक्ष
10. ई-गवर्नेंस
11. गार्ड फाईल
12. नौवहन महानिदेशक के वरिष्ठ निजी सचिव